प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

0000

16.01.2025 / प्रादेशिक समाचार / 11:00 बजे

खो–खो

नई दिल्ली के इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में खेले जा रहे खो–खो विश्व कप 2025 में भारतीय पुरुष और महिला टीमों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया है। कल हुए मुकाबले में भारतीय पुरुष टीम ने पेरू को 70–38 के बड़े अंतर से हराया। मैच के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी रहे अनिकेत पोटे ने कहा कि उनकी रणनीति पहले मैच से ही स्पष्ट है। भारतीय महिला टीम ने ईरान के खिलाफ 100–16 से शानदार जीत हासिल की। कप्तान प्रियंका इंगले ने जीत को टीम का सामूहिक प्रयास बताया।

मुख्यमंत्री प्रवास

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू आज से दस दिवसीय कांगड़ा जिला के शीतकालीन प्रवास पर रहेंगे। कांगड़ा जिला के प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री 2 दिन के लिए मनाली जाएंगे, जहां पर वह राष्ट्र स्तरीय विंटर कार्निवाल का शुभारंभ करेंगे तथा माता हिडिम्बा के दर्शन करने के अलावा कई सरकारी योजनाओं की आधारशिला भी रखेंगे। मुख्यमंत्री आज धर्मशाला पहुंचकर अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे और उसके बाद लोगों की समस्याओं को सुनेंगे।

अधिक ब्यौरे के साथ हमारे शिमला संवाददाता

मौसम

प्रदेश में पश्चिमी विक्षोभ एक बार फिर सक्रिय हो गया है। प्रदेश के अधिकांश क्षेत्रों में इसकी सक्रियता बनी हुई। इस बीच आज सुबह से ही शिमला सहित प्रदेश के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में रूक रूक कर बारिश और जनजातीय जिला किन्नौर में बर्फबारी हो रही है। बर्फबारी के कारण राष्ट्रीय उच्च मार्ग–5 नारकंडा के पास यातायात के लिए अवरूद्ध हो गया है। इसकी वजह से यातायात को वाया सैंज से लूहरी होते हुए शिमला के लिए परिवर्तित किया गया है। सड़क बहाली का काम जारी है।

अधिक ब्यौरे के साथ हमारे संवादाता

वहीं कुल्लू ज़िला में बीती रात ऊंची चोटियों पर हिमपात हुआ है । रोहतांग पास सहित प्रसिद्ध पर्यटक स्थलों अटल टनल धुंधी, सोलांगनाला, कोठी व जलोड़ी जोत में ताज़ा बर्फबारी हुई है। इसके अलावा पर्यटन नगरी मनाली में भी सुबह के समय बर्फ के फाहे गिरे। मौसम विभाग द्वारा जारी बुलेटिन के अनुसार गोंदला में 12, कोकसर में 8 दशलव 8, कोठी में 7 दशलव 5, शिलारू में 5, केलंग, जोत और खदराला में 3 सांगला में 1 सेमी बर्फ गिरी है। बर्फबारी के कारण कुफरी में फंसे वाहनों को सडक पर मिटटी डाल कर हटाया जा रहा है।

सब्सिडी

प्रदेश बोर्ड लिमिटेड के अध्यक्ष संजय गुप्ता ने घरेलु विद्युत उपभोक्ताओं के लिए स्वेच्छा से सब्सिडी छोड़ने के लिए कल से एक विशेष अभियान की शुरूआत की है। इस अवसर पर संजय गुप्ता ने सब्सिडी छोड़ने संबंधी फार्म स्थानीय सिटी विद्युत मंडल के अधिशासी अभियन्ता को सौंप कर इस अभियान की शुरूआत की। संजय गुप्ता ने बताया कि इस इस विशेष अभियान के अन्तर्गत प्रदेश के सभी घरेलू विद्युत उपभोक्ताओं को मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू के आर्थिक विकास के आम आदमी की सहभागिता के बारे में बताया जाएगा।

स्टार्टअप इंडिया.

स्टार्टअप इंडिया आज 9 साल पूरे करने जा रहा है। भारत सरकार के वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग द्वारा उपलब्ध कराए गए आंकड़ों के अनुसार, स्टार्टअप इंडिया पहल के तहत सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में एक लाख 54 हजार से अधिक स्टार्टअप को मान्यता दी गई है। इसके अलावा नेतृत्व स्तर पर महिलाओं के 48 प्रतिशत प्रतिनिधित्व के साथ इन स्टार्टअप ने 17 लाख से अधिक प्रत्यक्ष नौकरियां पैदा की हैं। हिमाचल प्रदेश में स्टार्टअप से रोजगार के नए अवसर सृजन हो रहे हैं।

मन की बात

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 19 जनवरी को मन की बात कार्यक्रम में देश—विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की 118वीं कड़ी होगी। मन की बात का प्रसारण आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार वेबसाइट और न्यूज ऑन ए.आइ. आर. मोबाइल ऐप पर किया जाएगा। इसे आकाशवाणी समाचार, डी.डी. न्यूज, पी.एम.ओ. और सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के यू—ट्यूब चैनलों पर भी सीधा प्रसारित किया जाएगा।